**प्रोफेसर इब्राहिम अबुबकर को 2023 रूक्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया**

**सिएटल, वाशिंगटन, 10 अगस्त, 2023**–प्रतिष्ठित वैश्विक स्वास्थ्य लीडर इब्राहिम अबुबकर को पिछले तीन दशकों में स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने के प्रति उनके समर्पण के लिए 2023 रूक्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

अब अपने 10वें वर्ष में, रूक्स पुरस्कार दुनिया भर के ऐसे व्यक्तियों को सम्मानित करता है जिन्होंने जनसंख्या के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए साक्ष्य पर आधारित स्वास्थ्य डेटा का लाभ उठाया है। रूक्स पुरस्कार वाशिंगटन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिसिन में इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मीट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (IHME) द्वारा प्रदान किया जाता है।

IHME के निदेशक डॉ. क्रिस मुर्रे ने कहा कि, "प्रोफेसर अबुबकर वैश्विक स्वास्थ्य में अपने योगदान के प्रति अटल रहे हैं। उनकी विशेषज्ञता और पक्ष-समर्थन ने नीति के कार्यान्वयन और लाखों लोगों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया है।" प्रोफेसर अबुबकर बिल्कुल वही दर्शाते हैं जो रूक्स पुरस्कार दर्शाता है: नवाचार, महत्वाकांक्षा, सहयोग। उनके निरंतर योगदान और बदलाव के प्रति प्रतिबद्धता के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य की दुनिया एक मजबूत स्थान पर है।"

प्रोफेसर अबुबकर की सबसे बड़ी उपलब्धि *The Lancet* नाइजीरिया कमीशन पर उनका हाल ही में किया गया काम है, जिसके कारण सीधे तौर पर नाइजीरिया ने बुनियादी स्वास्थ्य बीमा को अनिवार्य करने वाला एक नया कानून पारित किया और अतिसंवेदनशील आबादी के लिए एक फंड का निर्माण किया, जिसमें 83 मिलियन वंचित लोगों को शामिल किया गया। मार्च 2022 में एक अंतरराष्ट्रीय बहु-विषयक टीम का नेतृत्व करते हुए, उन्होंने ग्लोबल बर्डन ऑफ़ डिज़ीज़ (बीमारी के वैश्विक बोझ, GBD) डेटा द्वारा समर्थित नाइजीरिया की स्वास्थ्य प्रणाली का व्यापक विश्लेषण पूरा किया। इस अनुसंधान ने महत्वपूर्ण खामियों की पहचान की और स्वास्थ्य देखभाल संबंधी कर्मचारियों, सूचना प्रणालियों और सभी नाइजीरियाई लोगों की देखभाल तक पहुंच में सुधार करने के लिए प्रमुख क्षेत्रों में सिफ़ारिशें प्रस्तुत कीं।

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में जनसंख्या स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के डीन प्रोफेसर अबुबकर ने कहा, "जो बात मुझे हर दिन प्रेरित करती है वह यह दृढ़ विश्वास है कि स्वास्थ्य में असमानताओं का अस्तित्व किसी कारण से नहीं है - अगर हम अपने बीच के सबसे वंचित लोगों के जीवन और स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक रूप से काम करते हैं तो देखभाल तक असमान पहुंच को खत्म करना हमारी पहुंच में है।"

प्रोफेसर अबुबकर को निष्पक्षता के लिए प्रेरित करने का दृढ़ संकल्प उनके पिता से हासिल हुआ, जिनका जन्म नाइजीरिया के उत्तर में हुआ था, जो दुनिया के सबसे गरीब क्षेत्रों में से एक है। उनके पिता ब्रिटिश औपनिवेशिक कब्ज़े के तहत दुर्बल कर देने वाली गरीबी के बीच रहते थे, लेकिन वे शिक्षा प्राप्त करने और एक नागरिक सेवक के रूप में अपना करियर बनाने में सक्षम हुए थे। एक बच्चे के रूप में, प्रोफेसर अबुबकर ने अपने पिता के काम के जरिए अपने देश में सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को देखा। एक वयस्क के रूप में, प्रोफेसर अबुबकर ने

स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं को दूर करने के लिए उत्तरी नाइजीरिया में चिकित्सा का अध्ययन करने का फैसला किया।

“अपने मरीज़ों पर HIV और अन्य संक्रमणों के विनाशकारी प्रभाव को देखने के बाद मेरा करियर जनसंख्या के स्वास्थ्य की ओर मुड़ गया। एक युवा डॉक्टर के रूप में, मुझे स्पष्ट रूप से याद है कि मेरे वार्ड में मरीज़ आते थे और वे मेनिनजाइटिस की रोके जा सकने वाली किस्म से मर रहे थे। इनमें से अधिकतर मरीज़ बहुत गरीब थे और समाज ने उनका साथ नहीं दिया था," प्रोफेसर अबुबकर ने कहा। "मेरा मानना है कि मेरी आगे की उपलब्धियों और चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का उस विरोधाभास से बहुत कुछ लेना-देना है जो मैंने अपने पूरे जीवन में देखा है: अवसर और धन-दौलत के स्तरों और परिणामों की अनुचितता के साथ क्या संभव है।"

प्रोफेसर अबुबकर ने तपेदिक (टीबी) और COVID-19 के लिए स्वास्थ्य पहल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2015 में सार्वजनिक स्वास्थ्य इंग्लैंड में टीबी के प्रमुख के रूप में, उन्होंने एक शोध कार्यक्रम विकसित किया जिसने स्क्रीनिंग में सुधार किया। प्रोफेसर अबुबकर ने टीबी के लिए WHO की रणनीतिक सलाहकार समूह जैसी समितियों की भी अध्यक्षता की, जिससे बेहतर निदान और उपचार तक पहुंच में बढ़त हुई, जिससे 2015 से 2018 तक वैश्विक स्तर पर नए टीबी के मामलों में 2% की वार्षिक गिरावट में योगदान हुआ।

2020 में, प्रोफेसर अबुबकर को COVID-19 पर नाइजीरिया राष्ट्रपति के कार्यबल के वैज्ञानिक और तकनीकी सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने एक टीम का गठन किया जिसने सबूत के लिए दैनिक अनुरोधों का जवाब दिया, राष्ट्रीय COVID-19 प्रतिबंधों के प्रकार और समय को विकसित करने में सहायता की, और 40 से अधिक नीति पत्र लिखे जो अंततः राष्ट्रीय टीकाकरण नीति के रूप में विकसित हुए। वह COVID-19 की किस्मों पर एक अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन का भी नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें यूरोप, दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और एशिया के कई समूह शामिल हैं।

"मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूँ कि मेरे करियर और भूमिका ने मुझे युनाइटेड किंगडम में एक शीर्ष विश्वविद्यालय में काम करने और मेरे द्वारा अपनाए गए देश में स्वास्थ्य नीति को प्रभावित करने का विशेषाधिकार दिया है, साथ ही ऐसी वैश्विक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य नीति को प्रभावित करने वाले साक्ष्य तैयार करने में योगदान देने में सक्षम रहा हूँ, विशेष रूप से अफ्रीका और नाइजीरिया में," प्रोफेसर अबुबकर ने कहा।

रूक्स पुरस्कार के विजेता के तौर पर, प्रोफेसर अबुबकर को अन्य महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अलावा, नाइजीरिया और अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में स्वास्थ्य प्रणालियों का समर्थन करने, दुनिया के कुछ सबसे गरीब देशों को लाभ पहुंचाने के अपने प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिए $100,000 का अवार्ड प्राप्त होगा। उन्हें 12 अक्टूबर को लंदन में एक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

IHME सितम्बर में 2024 रूक्स पुरस्कार के लिए नामांकन स्वीकार करेगा। नामांकन विश्व स्तर पर स्वीकार किए जाते हैं और इसमें सरकारी एजेंसियों के कर्मचारी, शैक्षणिक संस्थानों के शोधकर्ता, धर्मार्थ संगठनों के

स्वयंसेवक या समुदाय में काम करने वाले स्वास्थ्य प्रदाता शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

पुरस्कार से संबंधित सवालों के लिए, info@rouxprize.org पर सम्पर्क करें।

मीडिया इंटरव्यूज़ के लिए, media@healthdata.org से सम्पर्क करें

**रूक्स पुरस्कार के बारे में**

रूक्स पुरस्कार IHME के संस्थापक बोर्ड के सदस्य डेविड रूक्स और उनकी पत्नी, बारबरा द्वारा प्रायोजित है, और यह बीमारी के वैश्विक बोझ डेटा के अभिनव और प्रभावशाली उपयोग के लिए दुनिया भर के लोगों की पहचान करता है।

**IHME के बारे में**

इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मीट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (IHME) वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ़ मेडिसिन में एक स्वतंत्र वैश्विक स्वास्थ्य अनुसंधान संगठन है जो दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्याओं का कड़ा और तुलनीय माप प्रदान करता है और उनसे निपटने के लिए उपयोग की जाने वाली रणनीतियों का मूल्यांकन करता है। IHME पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है और इस जानकारी को व्यापक रूप से उपलब्ध करवाता है ताकि नीति निर्माताओं के पास आबादी के स्वास्थ्य में सुधार के लिए संसाधनों के आबंटन पर सूचित निर्णय लेने के लिए आवश्यक सबूत मौजूद हों। अधिक जानकारी के लिए, कृपया healthdata.org पर जाएँ।